हरिभूमि
विराट भूमि
[ शहडोल | बुढ़ार | धनपुरी | ब्यौहारी | जयसिंहनगर | बाणसागर ]
जबलपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025
login : www.haribhoomi.com


## खबर संक्षेप

### गुमशुदा नाबालिग बालिका सकुशल बरामद

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित नाबालिग गुमशुदगी के मामलों की समीक्षा के बाद जिलेभर में सर्च अभियान तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में गोहपारू पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपने में सफलता हासिल की। मामला 21 मार्च 2025 का है, जब अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत परिजनों ने थाना गोहपारू में दर्ज कराई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की और परिजनों से मिली अहम जानकारी के आधार पर लगातार पतासाजी की। लगातार प्रयासों के बाद 23 अगस्त 2025 को गोहपारू पुलिस ने नाबालिग बालिका को ग्राम टेटकी, थाना गोहपारू से बरामद कर सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### करंट हादसा, दो चचेरे भाइयों की मौत

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के धनगवां गांव में रविवार को हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। घर की बिजली सुधारते समय करंट की चपेट में आए युवक को बचाने के प्रयास में उसका बड़ा भाई भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, धनगवां निवासी पी.के. सिंह उम्र 26 वर्ष घर की लाइट सुधार रहे थे। इसी दौरान अचानक वह करंट की चपेट में आ गए। पास ही मौजूद उनके बड़े भाई राकेश सिंह उम्र 40 वर्ष ने छोटे भाई को बचाने का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान वह भी करंट की चपेट में आ गए। परिजनों ने तत्काल मुख्य बिजली सप्लाई बंद कर दोनों को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि डॉक्टरों ने प्रयासों के बावजूद दोनों की जान नहीं बचा सके। पुलिस ने बताया कि मृतक दोनों आपस में चचेरे भाई थे और पास-पास ही रहते थे। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। दोनों भाइयों की असामयिक मौत से गांव और परिजन शोक में डूब गए हैं।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छात्र-छात्राओं को वितरित की गई साईकिलें

**शहडोल।** प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय स्कूलों मे पढने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई में असुविधा नहीं हो के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश, मध्यान्ह भोजन आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। ऐसे विद्यार्थी जिनके घर की दूरी शाला से 2 किलोमीटर से अधिक है को निःशुल्क साईकिलें उपलब्ध कराई जाती हैं। यह सुविधा कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में पढने वाले विद्यार्थियों को दी जाती है।

### आदित्य हॉस्पिटल में अब प्रतिदिन उपलब्ध रहेंगे न्यूरो सर्जन डॉ. सूर्यम द्विवेदी



**शहडोल।** स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में शहडोल संभाग के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। अब जिले के लोगों को मस्तिष्क और रीढ़ की गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। आदित्य हॉस्पिटल, रीवा रोड शहडोल में अब प्रतिदिन **न्यूरोसर्जन डॉ. सूर्यम द्विवेदी (एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी न्यूरोसर्जरी) अपनी सेवाएं देंगे। डॉ. सूर्यम द्विवेदी, जो पहले फोर्टिस हॉस्पिटल, दिल्ली में अपनी विशेषज्ञ सेवाएं दे चुके हैं, अब आदित्य हॉस्पिटल शहडोल में मरीजों का इलाज करेंगे। वे मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी गंभीर बीमारियों जैसे गर्दन एवं कमर दर्द, नसों का कमजोर होना, झुनझुनी, स्लिप डिस्क, सियाटिका, स्पाइन ट्यूमर, स्पाइन सर्जरी, सिर की चोट, ब्रेन हेमरेज, हेड इंजरी, लकवा, मिर्गी, माइग्रेन, बच्चों में सिर बड़ा होना या पानी भरना आदि का आधुनिक उपचार उपलब्ध कराएंगे। ब आपातकालीन स्थिति जैसे हेड इंजरी, ब्रेन हेमरेज और स्पाइन इंजरी के मरीजों को बाहर बड़े शहरों में रेफर करने की आवश्यकता नहीं होगी। यह सुविधा शहडोल संभाग के लिए बड़ी राहत है। आदित्य हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आदित्य द्विवेदी ने बताया कि उनका उद्देश्य है कि संभाग के मरीजों को सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं यहीं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि गंभीर बीमारियों में समय पर बेहतर इलाज संभव हो सके। शहडोल आगमन पर डॉ. सूर्यम द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शहडोल से शिष्टाचार मुलाकात कर अपनी सेवाएं आदित्य हॉस्पिटल में प्रतिदिन देने की जानकारी दी।

## किसानों की मजबूरी, जिम्मेदारों की चुप्पी

# खाद संकट ने किया किसानों को बेहाल







**खाद की किल्लत ने किसानों की कमर तोड़ दी है, गोहपारू से लेकर ब्यौहारी तक किसान सुबह से शाम तक लाइन में खड़े हैं, बरसात में भीगते हुए भी कतार से हटने को तैयार नहीं, क्योंकि उन्हें डर है कि कहीं खाद खत्म न हो जाए। लेकिन प्रशासन हालात पर आंख मूंदे बैठा है। नेताओं ने वोट लेने के बाद किसानों की सुध लेना बंद कर दिया है।**

शहडोल।

जिले में इस वक्त हालात ऐसे हैं कि किसान खाद के लिए भटकते-भटकते थक गए हैं। गोहपारू जनपद मुख्यालय स्थित खाद वितरण केंद्र पर हजारों किसानों की भीड़ रोजाना जुट रही है। सुबह तडक़े पहुंचने वाले किसान शाम तक लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन खाद कब मिलेगा इसकी कोई गारंटी नहीं। दूसरी ओर ब्यौहारी जैसे इलाकों में तो हालात और भी बुरे हैं। यहां लगातार दो दिनों तक किसानों को तेज बारिश में भीगते हुए घंटों लाइन में लगना पड़ा। किसानों की बेबसी देखकर भी जिम्मेदारों का दिल नहीं पसीजा।

### काला बाज़ारियों की चांदी

खाद संकट की सबसे बड़ी वजह बाजार में जमाखोरी और कालाबाज़ारी है। सरकारी केंद्र पर 45 किलो की यूरिया की बोरी 266 रुपये में मिल रही है, लेकिन खुले बाजार में यही बोरी 650 से 700 रुपये में बेची जा रही है। यानी दाम दोगुने से भी ज्यादा। सवाल यह है कि आखिर प्रशासन की नाक के नीचे यह धंधा कैसे फल-फूल रहा है? जिला प्रशासन जब यह दावा करता है कि खाद की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है, तो फिर किसान लाइन में क्यों खड़े हैं और दुकानदार खुलेआम लूट क्यों मचा रहे हैं?

### वोट लेने के बाद गायब नेता

सबसे शर्मनाक बात यह है कि किसानों के इस दर्द में उनके चुने हुए जनप्रतिनिधि भी साथ नहीं हैं। सत्ताधारी दल के नेता, जो कभी किसानों के खेत-खलिहान में जाकर वोट मांगते थे, आज गायब हैं। न तो वे खाद वितरण केंद्रों पर किसानों की सुध लेने जा रहे हैं और न ही जिला प्रशासन पर दबाव बना रहे हैं। किसानों की पीड़ा को देखकर लगता है मानो नेताओं को अब सिर्फ अगला चुनाव याद है, वर्तमान की समस्याओं से उन्हें कोई सरोकार नहीं।

### पुलिस की मौजूदगी में बंटवारा

स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि कई जगह पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण कराया जा रहा है। भीड़ बेकाबू न हो जाए इसलिए सुरक्षा के इंतज़ाम करने पड़ रहे हैं। यह वही किसान हैं जिन्हें नेता चुनाव के समय हाथ जोडक़र भगवान मानते हैं और सत्ता पाते ही उनकी समस्याओं को अनदेखा कर देते हैं। प्रशासन और सत्ताधारी दल के नेता दोनों ही इस संकट से पल्ला झाड़े हुए हैं

### किसानों की आंखों में मायूसी

लंबी कतारों में खड़े किसानों की आंखों में मायूसी साफ झलक रही है। किसी की बुआई अधूरी पड़ी है, तो किसी की खड़ी फसल खाद के बिना कमजोर पड़ रही है। कई किसानों ने बताया कि वे हफ्तों से सिर्फ एक बोरी खाद पाने के लिए भटक रहे हैं। समय पर खाद न मिलने से फसलें सूखने की कगार पर हैं। यह स्थिति सिर्फ किसान की नहीं, बल्कि आने वाले दिनों में पूरे जिले की खाद्य सुरक्षा के लिए खतरे की घंटी है।

### बारिश में भीगते किसान, ठहाके लगाते अफसर

विडंबना यह है कि बरसात में भीगते किसानों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं, लेकिन जिला प्रशासन के अफसर आरामदायक कुर्सियों पर बैठे बयानबाज़ी करने में व्यस्त हैं। वे कहते हैं कि खाद की कमी नहीं है, लेकिन हकीकत सबके सामने है। यदि वाकई पर्याप्त खाद है, तो किसान क्यों भीग रहे हैं, क्यों लाइन में रात-दिन खड़े हैं? प्रशासन का यह दोहरा रवैया उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

### खेती और अन्न उत्पादन पर संकट

खाद की यह किल्लत सिर्फ एक मौसमी समस्या नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर जिले की खेती और अन्न उत्पादन पर पड़ेगा। समय पर खाद न मिलने से फसलों की वृद्धि रुक रही है। कई किसान मायूस होकर कह रहे हैं कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो इस साल की पैदावार पर गहरा संकट मंडरा जाएगा।

### आखिर कब मिलेगा न्याय?

किसानों का कहना है कि जब तक प्रशासन और नेता इस मुद्दे पर गंभीरता से कदम नहीं उठाएंगे, तब तक उनकी समस्या दूर नहीं होगी। सवाल यह है कि क्या सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधि सिर्फ चुनाव के समय किसानों को याद करेंगे, या फिर वाकई उनके हित में कोई ठोस कदम उठाएंगे? जिले में खाद संकट प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक उदासीनता की जीती-जागती मिसाल बन गया है। किसान बरसात में भीगकर, घंटों लाइन में खड़े होकर भी सिर्फ एक बोरी खाद पाने को मजबूर हैं। जबकि जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे बैठे हैं और प्रशासन झूठे दावों में व्यस्त है।

## गांजा तस्करी में दो आरोपी गिरफ्तार, भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त, एक फरार

**शहडोल।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चल रहे अभियान में जयसिंहनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाइयों में गांजा तस्करी और बिक्री में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 6.302 किलो गांजा, एक मोटरसाइकिल और अन्य सामग्री जब्त की है। वहीं, एक आरोपी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है। पहली कार्रवाई में पुलिस को 23 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम देवरा निवासी सुभेलाल साहू उम्र 30 वर्ष, पिता स्व. धानु साहू और उसका साथी रब्बू शुक्ला मोटरसाइकिल से अवैध गांजा लेकर जयसिंहनगर की ओर आने वाले हैं। सूचना पर पुलिस ने देवरा मार्ग पर घेराबंदी कर सुभेलाल साहू को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से झोले में रखे तीन पैकेट गांजा, कुल 3.116 किलोग्राम (कीमत लगभग 30 हजार रुपये) बरामद किया गया। साथ ही, तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये है, को भी जब्त किया गया। वहीं, आरोपी रब्बू शुक्ला फरार हो गया।

दूसरी कार्रवाई भी उसी दिन की गई, जब पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम देवरा निवासी नारायणदास शुक्ला उम्र 42 वर्ष, पिता स्व. रविनंदन प्रसाद शुक्ला ने अपने घर के पीछे बाड़ी में अवैध गांजा छुपा रखा है। दबिश देकर पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 3.186 किलोग्राम गांजा जिसकी कीमत लगभग 30 हजार रुपये है, जब्त किया गया।

दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। इस संयुक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में सउनि अनिल गौतम, प्रमोद कुमार, प्रधान आरक्षक भैयालाल सिंह, रुस्तम सिंह, आरक्षक राजकुमार मिश्र, नीरज शुक्ला, उदयभान सिंह, सुमित, नीरज हारोडे और महिला आरक्षक खुशबू लोधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विश्व हिंदू परिषद का 61 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

शहडोल।



प्रखंड मुख्यालय जयसिंहनगर में रविवार को विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणावादिनी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद मंचासीन अतिथियों का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत-सत्कार किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत धर्म प्रसार टोली के प्रांत परावर्तन प्रमुख रोशन पुरी ने अपने उद्बोधन में संगठन के कार्य विस्तार, उसके उद्देश्यों एवं समाज सेवा में परिषद की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विहिप सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन की भावना और सेवा कार्यों को पहुंचाने के लिए संकल्पित है। स्थापना दिवस समारोह में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह परिहार, हनुमान मंदिर के पुजारी लवकुश प्रसाद मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, प्रखंड मंत्री वेदप्रकाश द्विवेदी, जिला मंत्री अविनाश शर्मा, शारदा प्रसाद द्विवेदी, वरिष्ठ समाजसेवी सीता प्रसाद पाण्डेय, धनंजय शर्मा, बृजराज सिंह, अंशु मिश्रा, आशा सिंह, पत्रकार राकेश गुप्ता, सीतेन्द्र पयासी, राजेन्द्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा दुर्गावाहिनी की जिला सह संयोजिका दिव्या गुप्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक तथा प्रखंड पदाधिकारीगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## आभूषण-हथियार और फर्जी पुलिस आईडी बरामद

# अंतरराज्यीय ईरानी गैंग के दो कुख्यात सदस्य गिरफ्तार

शहडोल।



प्रदेश में चोरी, लूट और ठगी की वारदातों से सिरदर्द बने अंतरराज्यीय ईरानी गैंग पर आखिरकार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार देर रात उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की पुलिस ने मटौंध और कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद गैंग के दो शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली दोनों आरोपियों के पैरों में लगी, जिसके बाद उन्हें दबोच लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सलमान अली ईरानी और साहिल फिजां ईरानी के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से शहडोल और बुढ़ार क्षेत्र से जुड़े बताए जा रहे हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दोनों आरोपी लंबे समय से फरार थे और उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश के कई जिलों में इनके खिलाफ मामले दर्ज हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने बड़ी मात्रा में आभूषण, नकदी, दो अवैध तमंचे, जिंदा कारतूस, फर्जी नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल और पुलिस का कूट रचित आईडी कार्ड बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह गिरोह पुलिस की वर्दी और नकली पहचान पत्र का सहारा लेकर वारदातों को अंजाम देता था। वे खुद को पुलिस अधिकारी बताकर लोगों को रोकते और तलाशी के नाम पर उनके कीमती सामान लेकर फरार हो जाते थे। यही वजह रही कि यह गिरोह अब तक कई जिलों की पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। सूत्रों के अनुसार सलमान अली और साहिल फिजां अब तक की पूछताछ में कई अहम जानकारियां दे चुके हैं। आशंका जताई जा रही है कि इनकी संलिप्तता शहडोल-बुढ़ार समेत प्रदेश के अन्य जिलों में पिछले वर्षों में हुई कई चोरी और ठगी की घटनाओं से जुड़ी हो सकती है। शहडोल जिले में पहले भी ईरानी परिवारों पर इस तरह की वारदातों में शामिल होने के संदेह जताए जाते रहे हैं, लेकिन ठोस सबूतों की कमी के कारण कार्रवाई नहीं हो पाती थी। पुलिस अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि अब शहडोल और बुढ़ार क्षेत्र में सक्रिय ईरानी परिवारों की गतिविधियों की गहन जांच की जाएगी। स्थानीय स्तर पर लंबे समय से यह चर्चा रही है कि अस्थाई कारोबार और घुमंतु जीवनशैली की आड़ में कुछ परिवार चोरी, लूट और ठगी के धंधे को अंजाम देते हैं। इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस उन पर भी शिकंजा कसने की तैयारी में है।

बांदा पुलिस की इस सफलता को प्रदेश में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। न केवल दो खतरनाक अपराधी पकड़े गए हैं, बल्कि इससे उस नेटवर्क की कड़ियां भी खुलने की उम्मीद जगी है, जो अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय रहा है। आने वाले दिनों में पुलिस की जांच और पूछताछ से कई और चेहरे बेनकाब हो सकते हैं।

## विश्वविद्यालय में करियर अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन

शहडोल।



पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय करियर अवेयरनेस अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय करियर अवेयरनेस वर्कशॉप एवं इंडस्ट्री-एकेडेमिया प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं यूजीसी के मार्गदर्शन के अनुरूप आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक अध्ययन और उद्योग जगत की नई प्रवृत्तियों से जोडऩा तथा उनके लिए उभरते करियर विकल्पों के द्वार खोलना था।उक्त आयोजन का निर्देशन कुलगुरु प्रो रामशंकर ने किया। कुलसचिव डॉ.आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में समन्वयक प्रो अमित निगम एवं डॉ हेमंत पाठक ,डॉ योगिता बसने ,डॉ जितेंद्र सेन ,डॉ रजनी गौतम ,डॉ.सौरभ शिवा ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

इस अवसर पर विशेषज्ञ मैग्नम एजुकेटर की मैनेजिंग डायरेक्टर प्रभजोत सिंह ने वित्तीय बाजार, इक्विटी रिसर्च, ट्रेडिंग, डेटा एनालिटिक्स, बिजऩेस इंटेलिजेंस, कंसल्टिंग और ग्लोबल रिसर्च फम्र्स जैसे उभरते क्षेत्रों में उपलब्ध करियर अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार कौशल विकास के माध्यम से वे उच्च वेतनमान वाली नौकरियों के लिए स्वयं को तैयार कर सकते हैं।

कार्यशाला में स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन प्रदान किया गया तथा पंजीकृत छात्रों को पाँच हजार रुपये मूल्य के निःशुल्क ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए। उद्योग विशेषज्ञों ने अपने वास्तविक अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे पारंपरिक करियर विकल्पों से आगे बढक़र नए अवसरों की ओर भी कदम बढ़ाएँ।

## सोहागपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बंद फैक्ट्री से चोरी हुई मोटरें बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

शहडोल।

जिले के सोहागपुर थाना पुलिस ने बंद पड़ी फैक्ट्री से हुई लाखों की चोरी का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरें और वारदात में प्रयुक्त लोडर ऑटो जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि इस कार्रवाई में विशेष टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मामला मई माह का है, जब सोहागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अंडहाई स्थित नवाब अंसारी की बंद फैक्ट्री से 13 मोटरें चोरी हो गई थीं। फैक्ट्री मालिक ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक और प्रधान आरक्षक शामिल थे।

टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों से लगातार जानकारी जुटाई। इसी बीच टीम को सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 29 निवासी इमरान उर्फ गोलू और इरफान उर्फ कलमुले नाम के दो युवकों के पास



तांबे की बड़ी मात्रा मौजूद है। संदेह के आधार पर जब पुलिस ने उनके घर दबिश दी तो दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। इसके बाद लगातार प्रयासों के चलते पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी पुरानी बस्ती क्षेत्र में मौजूद हैं। तत्काल विशेष टीम ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने फैक्ट्री से 13 मोटर चोरी करने की बात कबूल की। उन्होंने बताया कि चोरी के बाद लोडर ऑटो से मोटरों को सुनसान जगह ले जाकर उनमें से तांबा निकालकर बेच दिया था।

पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की मोटरें और घटना में उपयोग किया गया लोडर ऑटो बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस कार्रवाई में लगभग चार लाख रुपये का मशरूका जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

सोहागपुर क्षेत्र में बीते दिनों लगातार चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल था। इस मामले के खुलासे के बाद पुलिस की सक्रियता पर क्षेत्रीय नागरिकों ने संतोष जताया है। पुलिस का कहना है कि इलाके में संगठित रूप से चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले अन्य आरोपियों की भी तलाश जारी है।

**खबर संक्षेप**

## सीईओ ने आधार ओपरेटर को ब्लैकलिस्ट करने लिखा पत्र

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने आधार ओपरेटर को ब्लैकलिस्ट करने हेतु प्रभारी अधिकारी (आधार प्रोजेक्ट) राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल को लिखा पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि उमरिया जिले के जनपद शिक्षा केन्द्र पाली के आधार ऑपरेटर रविशंकर सोनी को पाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बंधवाबारा में पीएमजनम/धरतीआबा/स्कूल के छात्र व छात्राओं के डेमोग्राफिक व बायोमैट्रिक अपडेट किये जाने हेतु आधार कैम्प का आयोजन किया गया था किन्तु बिना किसी सूचना/जानकारी के कैम्प में अनुपस्थित रहे, जिस कारण शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में आधार महत्वपूर्ण घटक होने से आधार अपडेट हेतु कैम्प स्थल पर पहुचने वाले आमजन को लौटना पड़ा जिससे जिला प्रशासन की छवि धूमिल हुई । उन्होंने कहा है कि संबंधित ऑपरेटर को ब्लैकलिस्ट कर इनके स्थान पर नवीन ऑपरेटर के पंजीयन की कार्यवाही की जाए।

## डॉ.मिश्रा ने सीएमएचओ का किया पदभार ग्रहण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** डा मनीष कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वह जिला चिकित्सालय जबलपुर में रेडियोलाजिस्ट् के पद पर कार्यरत थे। पदभार संभालने के बाद डा. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की।

## ब्रह्माकुमारीज में रक्तदान शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ब्रह्माकुमारीज दिव्य संस्कार भवन पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संस्थान द्वारा भारत और नेपाल में रक्तदान महाअभियान चलाया जाएगा।

## ब्रह्मलीन शंकराचार्य की 26 को भव्य शोभा यात्रा

**गोटेगांव।** अनंत श्री विभूषित श्रीमद जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की भव्य शोभायात्रा एवं पालकी यात्रा दिनांक 26 अगस्त 2025 दिन मंगलवार को ज्योतिश्वर महादेव मेला प्रांगण से दोपहर 2:00 बजे प्रारंभ होगी! इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम सुबह 8:00 बजे शिवरात्रि 8:00 बजे तक आयोजित है जिसमें संतों के आशीर्वचन एवं सभी कार्यक्रम में द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का व अग्नि पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णनंद जी महाराज एवं पूज्य ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद जी महाराज का दिव्य सानिध्य सभी को प्राप्त होगा i पूज्य ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य जी महाराज की भव्य शोभायात्रा एवं पालकी यात्रा मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे मेला प्रांगण से प्रारंभ होगी जिसमें आप सभी धर्म प्रेमी जनता सादर आमंत्रित है ।

## शिक्षकों ने सीखने व सिखाने को लेकर साझा किए अपने अनुभव

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन और सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जिले के समस्त 52 जन शिक्षा केन्द्र (क्लस्टर रिसोर्स सेंटर) स्तर पर कक्षा पहली व दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों की शैक्षिक तैयारी के लिए शैक्षिक संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रभारी जिला परियोजना समन्वयक मनीष चैकसे ने बताया कि जन शिक्षा केंद्रों पर कक्षा पहली व दूसरी के शिक्षकों के शैक्षिक संवाद कार्यक्रम के तहत शिक्षक जन शिक्षा केन्द्रों पर एकत्र होकर सीखने- सिखाने को लेकर अपने अनुभव साझा करे और अपनी तैयारी कर कक्षाओं में शैक्षिक समृद्धता स्थापित की जा सके। इसी क्रम में जनपद शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर के अंतर्गत जनशिक्षा केंद्र शासकीय हाई स्कूल चंदन देवी रोसरा का शैक्षिक संवाद एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय रानी पिपरिया में आयोजित किया गया। यहां शिक्षकों की अपनी कक्षाओं में शिक्षण संबंधी प्रतिदिन तैयारी और समस्याओं, कक्षाओं में सीखने- सिखाने की प्रक्रियाओं को और बेहतर अंजाम देने, स्वागत एवं एक गतिविधि- टूर पर जाने की तैयारी, प्रतिभागियों की अपेक्षाओं का संकलन, एजेंडा, विषय, उद्देश्य, एक डिजाइन सिद्धांत, शिक्षक संदर्शिका की संस्था व उपयोग पर चर्चा, पठन एवं शिक्षण अनुभव, कक्षा प्रबंधन, संवाद का समेकन एवं प्रतिभागियों द्वारा सीख साझा करना, एक- एक पाठ योजना से संबद्ध सहायक शिक्षक सामग्री का निर्माण व प्रस्तुतीकरण, फीडबैक फार्म भरवाने आदि गतिविधियों के संबंध में चर्चा की और अपने- अपने अनुभव साझा किए।

## पाण्डेय शिक्षा समिति पर लगे गंभीर आरोप

# भविष्यनिधि में करोड़ों का घोटाला!

जिले में आदिवासी विद्यार्थियों की शिक्षा के नाम पर वर्षों से अनुदान ले रही पाण्डेय शिक्षा समिति और आदिवासी सेवक संघ पर कर्मचारियों की भविष्यनिधि (पीएफ) राशि हड़पने का सनसनीखेज आरोप सामने आया है।

**शहडोल।**

कर्मचारियों के वेतन से कटने वाली अंश राशि शासन से मिलने के बावजूद न तो भविष्यनिधि खाते खुले और न ही राशि जमा हुई। मामले ने करोड़ों रुपये की अनियमितता का रूप ले लिया है, जिससे वर्षों से कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हित पूरी तरह प्रभावित हुए हैं।

### शुरुआत से ही गड़बड़ी का खेल

पाण्डेय शिक्षा समिति भमरहा, जिला मैहर वर्ष 1987 से शहडोल जिले में दो विद्यालयों का संचालन कर रही है। इनमें आवासीय आदिवासी बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिहकी और आवासीय आदिवासी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहनगर शामिल हैं। समिति का पंजीयन क्रमांक 17655 दिनांक 22 जनवरी 1987 को जारी किया गया था। शासन इन विद्यालयों को शत-प्रतिशत अनुदान देता है और कर्मचारियों के वेतन से भविष्यनिधि अंश राशि की नियमित कटौती होती है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि समिति और प्राचार्य द्वारा वेतन से काटी गई अंश राशि को भारतीय स्टेट बैंक बाणसागर और मनकीसर स्थित बैंक खातों में जमा तो किया गया, मगर कर्मचारियों के


राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन (ए.)
(NCT Society Reg.Act 1860XXI)

भविष्यनिधि संगठन में न तो खाते खोले गए और न ही राशि जमा कराई गई। नतीजा यह हुआ कि कई कर्मचारी नौकरी छोड़कर चले गए, कुछ की मृत्यु हो गई, पर उन्हें कोई लाभ नहीं मिला।

### आदिवासी सेवक संघ पर भी गंभीर आरोप

इसी तरह आदिवासी सेवक संघ मुदरिया, तहसील ब्यौहारी, जिला शहडोल** के माध्यम से भी दो विद्यालय—आवासीय आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर जयसिंहनगर और चंदेला—का संचालन 10 फरवरी 1994 से किया जा रहा है। इस संस्था का पंजीयन क्रमांक 26089 है। कर्मचारियों का वेतन यहां भी केंद्र से आता है, कई-कई महीनों का भुगतान एक साथ मिलता है, लेकिन इस संस्था ने भी न तो भविष्यनिधि खाता खुलवाया और न ही कर्मचारियों को कोई लाभ दिया। यहां भी कर्मचारियों की अंश राशि समिति के सचिव एस.पी. पाण्डेय द्वारा शासन से ली जाती रही, लेकिन कर्मचारियों तक कभी नहीं पहुंची।

### कर्मचारियों के साथ खुली धोखाधड़ी

शिकायत पत्र के अनुसार, यह खेल सिर्फ महीनों या वर्षों का नहीं बल्कि दशकों से चल रहा है। 1987 से अब तक सैकड़ों कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। वेतन से अंश राशि काटकर समिति द्वारा बैंक खातों से निकाली गई रकम करोड़ों रुपये तक पहुंच गई है। कर्मचारियों को न तो सेवानिवृत्ति लाभ मिले और न ही भविष्यनिधि की राशि। यह खुली धोखाधड़ी कर्मचारियों के संवैधानिक और मानवीय अधिकारों का सीधा हनन है।

### मानवाधिकार संगठन ने उठाई आवाज

राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन (ए.) के संभागीय अध्यक्ष रमाकान्त तिवारी ने इस पूरे मामले की शिकायत कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन के आयुक्त और अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग भोपाल के आयुक्त को सौंपी है। शिकायत में मांग की गई है कि तत्काल समिति और संघ के खातों का मिलान कराकर कर्मचारियों की काटी गई अंश राशि ब्याज सहित भविष्यनिधि खातों में जमा कराई जाए और जिम्मेदार संचालकों पर धोखाधड़ी का आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए।

### शासन की अनदेखी पर सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि तीन दशकों से अधिक समय तक इस गड़बड़ी को शासन और विभागीय अधिकारियों ने क्यों नहीं पकड़ा। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग शहडोल द्वारा समय-समय पर कर्मचारियों के वेतन का भुगतान किया जाता रहा, लेकिन कभी भी यह सुनिश्चित नहीं किया गया कि भविष्यनिधि की कटौती कर्मचारियों के नाम पर जमा हो रही है या नहीं। विभागीय लापरवाही ने ही समितियों को वर्षों तक इस हेराफेरी का मौका दिया।

### कई कर्मचारी हुए शिकार

कई कर्मचारियों ने नौकरी छोड़ दी, कुछ की मृत्यु हो चुकी है, लेकिन आज तक किसी को भी भविष्यनिधि का लाभ नहीं मिला। सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली आर्थिक सुरक्षा और परिवार के लिए मददगार यह योजना महज कागजों में सिमटकर रह गई। कर्मचारियों का आरोप है कि यह सीधे-सीधे उनकी मेहनत की कमाई की लूट है। मामले को देखकर साफ है कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि सुनियोजित आर्थिक अनियमितता है। कर्मचारियों के भविष्यनिधि खातों में जमा की जाने वाली रकम को समिति संचालकों ने या तो हड़प लिया या उसका दुरुपयोग किया। अनुमान है कि यह रकम करोड़ों में पहुंच चुकी है।

### कर्मचारियों के भविष्य के साथ धोखा

मानवाधिकार संगठन की शिकायत के बाद अब यह मामला तूल पकड़ सकता है। यदि शासन ने कठोर कदम नहीं उठाए तो यह सिर्फ कर्मचारियों का ही नहीं बल्कि सरकारी अनुदान व्यवस्था की साख पर भी गहरा सवाल होगा। पाण्डेय शिक्षा समिति और आदिवासी सेवक संघ पर लगे आरोप बेहद गंभीर हैं। यह सिर्फ वित्तीय अनियमितता नहीं बल्कि कर्मचारियों की जिंदगी और भविष्य के साथ किया गया बड़ा धोखा है।

## महाविद्यालय में मिट्टी के गणेश प्रतिमा निर्माण करने कार्यशाला



**उमरिया।**

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग केंद्र प्रदेश अनुसार छात्र-छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं संरक्षण के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति एवं परंपरा से जोडऩे के लिए माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यशाला का आयोजन किया गया ।जिसमें छात्र-छात्राओं ने मिट्टी के माध्यम से गणेश जी की कलाकृति मूर्ति अपने हाथों से निर्माण की ।भारतीय संस्कृति में गणेश जी को विघ्नहर्ता प्रथम पूज्य बुद्धि के देवता एवं सामाजिक समरसता एकरूपता के लिए जाना जाता है । गणेश जी के इन्हीं गुणों को छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में अवतरित करना चाहिए उपरोक्त विचार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सी बी सोंदिया ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा। कार्यक्रम प्रभारी डॉ निशी कर्ण रही एवं संचालन डॉ स्वराज पाल द्वारा किया गया द्य मंचीय कार्यक्रम में डॉ नवीन उपाध्याय, डॉ राजीव तिवारी ,डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ विष्णुकांत तिवारी ने कार्यक्रम की सार्थकता महत्व एवं पर्यावरण जागरूकता के संबंध में अपने विचार व्यक्त किया। सिद्ध गणेश प्रतिमाओं के निर्माण महाविद्यालय के डॉ जुगल किशोर, डॉ सपना झारिया , डॉ अनुपम सिंह, डॉ रश्मि , डॉ रिचा , डॉ किरण सहित बीए बीएससी बीकॉम के छात्र छात्रा रोहिणी श्याम प्रथम,प्रीति विश्वकर्मा संजना विश्वकर्मा, रेणु सिंह द्वितीय प्रियंका साहू चांदनी साहू वंदना साहू तृतीय स्थान पर रहे। इसके साथ ही साथ ही कान्हा ,विकास पांडे ,सुनैना यादव अनु को, सुषमा यादव ,दीपेश साकेश आदि ने गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अध्यापक गण एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सेदारी की।

## कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण





**उमरिया।**

कलेक्टर ने मानपुर विकास खंड के ग्राम परासी में शासकीय हाई स्कूल , उप स्वास्थ्य केंद्र , आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान बताया गया कि शासकीय हाई स्कूल में बच्चों से मीनू अनुसार भोजन मिलने, खाने की गुणवत्ता, पाठ्य पुस्तक मिलने आदि के संबंध में पूछताछ की। कलेक्टर ने बच्चों से चर्चा करते हुए कहा कि मन लगाकर अपने अध्यापन का कार्य करें, तथा एक अच्छे पदों पर पहुँच कर देश की सेवा करे। इस दौरान उन्होंने शिक्षको के उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। विद्यालय में पदस्थ पांच शिक्षको में से 2 शिक्षको को ट्रेनिंग में जाना बताया गया। उप स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान सी एच ओ ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र बी पी, शुगर की जांच , मलेरिया किट के साथ ही दवाइयां उपलब्ध है। उप स्वास्थ्य केंद्र में एक ए एन एम, आशा कार्यकर्ता द्वारा सेवाए दी जा रही है । कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि बच्चों को नियमित रूप से नास्ता, भोजन प्रदाय किया जा रहा है । इस दौरान आंगनबाड़ी में उपलब्ध हैंडपंप के माध्यम से खराब पानी आने की बात आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा कही गई, जिस पर उन्होंने समस्या का निदान कराने की बात कही।

## आयोजित किया गया ई-फ़ाइलिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**

प्रधान जिला न्यायाधीश अनूपपुर श्रीमती माया विश्व लाल के निर्देशन पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोतमा विक्रम सिंह न्यायाधीश अरविंद कुमार बरला न्यायाधीश अमनदीप सिंह छाबड़ा अध्यक्ष अधिवक्ता संघ कोतमा राजेश सोनी की उपस्थित में पवन सिंह जूनियर सिस्टम एनालिसिस एवम आईटी अस्सिटेंट लोकेश कुमार वर्मा द्वारा ई फ़ाइलिंग का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे वर्तमान परिवेश में न्यायालय के काम काज इलेक्ट्रोनिक माध्यम से किये जाने के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया गया। साथ हीं नवीन प्रकरण को ई फाइलिंग के माध्यम से दर्ज कराने, अपनी आई डी जेनरेट करने व भविष्य में घर बैठे सातो दिन चौबीस घंटे न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता राम प्रकाश शुक्ला अरुण सोनी सहसराम यादव अब्दुल अजीज राजेश शर्मा, संतोष मिश्रा, धीरेन्द्र तिवारी, बद्री केवट, शिवचरण केवट वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता गणों की उपस्थिति रही।

## सीईओ जिला पंचायत ने मुडग़ुड़ी गौशाला का किया निरीक्षण

**उमरिया।**

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने मुडग़ुड़ी गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला संचालकों को बेहतर ढंग से गौशाला संचालन करने का निर्देश दिए द्य साथ ही सीईओ सर ने कहा कि गौशाला की कोई भी शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी द्य इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह, सरपंच, सचिव , एस डी ओ आर ई एस, सहित अन्य लोग उपस्थित थे



## हायर सेकेंडरी स्कूल निपानिया में जागरूकता शिविर सम्पन्न



**उमरिया।**

एड्स नियंत्रण समिति जिला उमरिया नोडल अधिकारी डॉक्टर मुकुल तिवारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन नई दिल्ली के अदेशानुसार सघन जागरुकता अभियान एचआईवी/एड्स एवं एसटीआई कार्यक्रम के अंतर्गत अनुज रजक (लैब टेक्नीशियन) द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल निपानिया में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 140 छात्र -छात्राए कार्यक्रम में उपस्थित रहें जिसमे स्कूल के प्राचार्य से एस एस धुर्वे एवं स्टाफ भी उपस्थित रहें।

## श्रमिक कॉलोनी में अव्यवस्था हावी

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत श्रमिक कालोनी मे अव्यवस्था हावी है। साफ सफाई के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं बदहाल है इसका मुख्य कारण है प्रबंधन की। जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत गोबिंदा कालोनी के बी टाइप मे शनिवार को सुबह सात बजे से विद्युत सप्लाई बाधित हो गई बताया जा रहा है जिस ट्रांसफार्मर से कालोनी मे विद्युत सप्लाई की जाती है उस टांसफार्मर मे खराबी आ जाने के कारण कालोनी वासी पूरी रात अंधेरे मे रात बिताने को मजबूर हुए। कालोनी में पूरी रात घुप्प अंधेरा छाया रहा साथ ही पूरी रात बारिश होने के कारण कालोनी मे निवास करने वाले सांप बिच्छू के घर में घुसने के डर से रात जागरण करते हुए बिताया। रविवार को दोपहर तक विद्युत सप्लाई बाधित रही। प्रबंधन की लापरवाही के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## कलेक्टर ने शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरा का किया निरीक्षण

**उमरिया।**

**कलेक्टर ने मानपुर विकासखंड की शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि कक्षा 1 से 8 तक मे कुल विद्यार्थियों की संख्या 53 है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्कूली बच्चों से मीनू के अनुसार भोजन मिलने की हकीकत जानी, जिस पर बच्चों ने मीनू के अनुसार भोजन मिलना बताया। साथ ही उनके पठन पाठन के संबंध में जानकारी प्राप्त की ।**

निरीक्षण के दौरान पाया कि किचन ध्वस्त अवस्था में है , जिस पर बताया गया कि किचन के लिए ऑफ लाइन , ऑनलाइन भेजा जा चुका है। मध्यान्ह भोजन लक्ष्मी स्व सहायता समूह द्वारा बनाया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि दीवार पर मिलने वाले भोजन का मीनू दीवार पर लिखवाया जाए, साथ ही बच्चों को गुणवत्ता युक्त भोजन दिया जाए।



# रेल्वे स्टेशन बुढार पहुंच मार्ग में रेल्वे द्वारा लगवाये गये लोहे के पोल को हटवाने का न्यायालय ने दिया आदेश

बुढार रेल्वे स्टेशन प्रमुख पहुंच मार्ग पर रेल्वे द्वारा लोहे के पोल गाडकर मार्केट मार्ग तथा स्टेशन पहुंच मार्ग में नागरिकों व यात्रियों के समक्ष वाहनों के आवागमन की जटिल समस्या उत्पन्न कर दी गई





बुढार।

जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण समस्या को लेकर व्यवहार न्यायालय में वाद पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसका निर्णय 22 अगस्त को प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बुढार के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश मा. आकांक्षा तेकाम ने पारित करते हुए आदेश दिया कि लोहे के लगे पोल को हटावाये जाकर अवरुद्ध मार्ग से आवागमन सुचार रूप से आम जनता के लिए किया जायें।

**बुढार व्यवहार न्यायालय में प्रतिनिध वाद -** पवन कुमार चमडिया, कैलाश सिंघानिया, रोहणी प्रसाद गर्ग बुढार ने प्रस्तुत किया और प्रकरण क्र. आर.सी.एस.ए. 17/2016 बनाम - भारत संघ जरियें महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर वह अन्य के इस प्रकरण को न्यायालय में वादी गण का वाद पत्र स्वीकार किया जाकर प्रतिवादी गण के द्वारा विवादित मार्ग जो पूर्व में प्रचलित सार्वजनिक मार्ग होने से गाड़े गये लोहे के पोल को हटवाये जाकर आवागमन का रास्ता सुचारू रूप चलने योग्य बनाने का महत्वपूर्ण बहुप्रतीक्षित आदेश आम जनता के हित में माननीय न्यायालय द्वारा पारित किया।

**वादी गणो की ओर से मा. न्यायालय में अधिवक्ता - सत्येंद्र शुक्ला ने पैरवी की।**

माननीय न्यायालय के पारित निर्णय के परिणाम स्वरुप अब यात्रियों को लोहे के लगे खंभे के हट जाने से सीधे रेल्वे ब्रिज के पास से रेल्वे स्टेशन तक सीधी पहुंच मार्ग की सुविधा अर्जित हो जायेगी और वाहनों का आवागमन भी सुचार हो जायेगा, वहीं रेल्वे मार्केट के व्यवसायिक मार्ग में वाहनों के स्टेशन आवाजाही से लगने वाले जाम से राहत मिल सकेगी। मा. न्यायालय के इस महत्वपूर्ण निर्णय से नागरिकों, यात्रियों तथा व्यवसायियों में हर्ष व्याप्त है और मा. न्यायालय के इस महत्वपूर्ण निर्णय पर कृतज्ञता ज्ञापित की गई है।

## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक कक्षा 9 के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अमरकंटक** । पवित्र नगरी अमरकंटक के स्थानीय पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के कक्षा 9 में अध्यनरत मृत वर्मा पिता राम अवतार वर्मा उम्र 14 वर्ष निवासी वेंकट नगर जिला अनूपपुर का आज विद्यालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है मृतक कृत वर्मा आज ही विद्यालय में अपने घर से आया था उसने क्यों फांसी लगाई क्या कारण है जांच की जा रही है स्थानीय पुलिस थाना अमरकंटक में घटना की सूचना दे दी गई है विद्यालय में अध्यनरत छात्र के द्वारा फांसी लगाने जाने की सूचना जैसे ही विद्यालय प्रबंधन को मिली उन्होंने तुरंत उतार कर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक में लाया चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित किया

### रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला 28 को

**कटनी**। जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से गुरूवार 28 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आईटीआई रोशन नगर एनकेजे कटनी में एक विशाल रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही रोजगार के साथ-साथ, मेले में 18 से 45 वर्ष के स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को भी सहायता प्रदान की जाएगी। ऋण प्रदाता सरकारी विभाग भी उपस्थित रहेंगे, जो युवाओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देंगे और उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करेंगे। इस मेले में 18 से 35 वर्ष की आयु के 8वीं से लेकर स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा तक की शिक्षा प्राप्त युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। मेले में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूचियां, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी, आधार कार्ड, जाति और मूल निवासी प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा।

### पिछले साल से 8.1 फीसदी अधिक औसत वर्षा की गई रिकॉर्ड

**कटनी**। जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से 22 अगस्त तक कुल 852.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1115.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 788.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 8.1 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 928.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1115.4 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 809 मिलीमीटर, बरही तहसील में 742 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 745 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 758.1 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 956.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 761.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### दो युवकों ने फांसी लगा की आत्महत्या

**कटनी**। दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटनाएं माधवनगर व ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की है। सूचना पर पुलिस ने मामलों को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इन्द्राज्योति कॉलोनी में साहिल बर्मन पिता इन्द्रकुमार बर्मन 19 का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। वहीं ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिन्ना पिपरिया में सुरेंद्र पिता मानिक लाल कोल 22 का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। सूचना पर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामलों को जांच में लिया है।

## प्राकृतिक खेती जागरूकता अभियान एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# कृषक फसलों के उत्पादन के लिए जैविक कीटनाशकों का करें उपयोग




शहडोल।

कृषि विज्ञान केंद्र शहडोल एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग शहडोल के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम बरमनिया में प्राकृतिक खेती जागरूकता अभियान एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक सह प्रमुख डॉ. मृगेंद्र सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए बीजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्निस्त्र, दशपर्णी की तैयारी और अनुप्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि कई दशकों से फसलों के उत्पादन वृद्धि हेतु रसायनों जैसे उर्वरकों, कीटनाशक एवं खरपतवारनाशी दवाओं का प्रयोग बढ रहा है जो कि मानव समाज व पर्यावरण दोनों के लिए अत्यन्त हानिकारक है। इसी वजह से वर्तमान में प्राकृतिक एवं जैविक खेती पर ज्यादा बल दिया जा रहा है। किसान की बोई गई फसलों की नर्सरी को भूमि जनित कीट, रोग और खरपतवार से भारी नुकसान होता है। यह भूमि जनित कीटं, रोग और खरपतवार खेत की मिट्टी में पहले से ही पड़े रहते है और अनुकूल मौसम मिलते ही खेत में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाते है। अधिकतर किसान जमीन मे छिपे इन रोगों, कीटों से निपटने के लिए रासायनिक कीटनाशकों का इस्तेमाल करते हैं। इससे मिट्टी के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण और जीव-जंतु पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. ब्रजकिशोर प्रजापति ने किसानों को बताया कि रासायनिक कीटनाशकों के दुष्यप्रभाव से बचने एवं फसल सुरक्षा के लिए अपनाये जाने वाले उपायों में स्टिकी ट्रैप के साथ-साथ फेरोमोन ट्रैप खासा उपयोगी तथा प्रभावशाली पाया गया है। ये रासायनिक कीटनाशकों की तुलना में बेहद सस्ता होता है। स्टिकी ट्रैप के इस्तेमाल से फसलों को कीटों से होने वाले नुकसान में 40 से 50 प्रतिशत तक कमी आ जाती है। स्टिकी ट्रैप कई तरह की रंगीन शीट होती हैं जो फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए खेत में लगाई जाती है। हर कीट किसी विशेष रंग की ओर आकर्षित होता है। अब अगर उसी रंग की शीट पर कोई चिपचिपा पदार्थ लगाकर फसल की ऊंचाई से करीब एक फीट और ऊंचे पर टांग दिया जाए तो कीट रंग से आकर्षित होकर इस शीट पर चिपक जाता है। फिर यह फसल को नुकसान नहीं पहुंचा पाते हैं। डॉ. प्रजापति ने यह भी बताया कि जैविक कीटनाशकों में 'एक साधे सब सधे' वाली खूबियाँ होती हैं। इसका मनुष्य, मिट्टी, पैदावार और पर्यावरण पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता और फसल के दुश्मन कीटों तथा बीमारियों से भी कारगर रोकथाम हो जाती है। इसीलिए, जब भी कीटनाशकों की जरूरत हो, तो सबसे पहले जैविक कीटनाशकों को ही इस्तेमाल करना चाहिए। ये पर्यावरण संरक्षण के साथ फसल के दुश्मनों का सफाया करने में बेहद कारगर साबित होते हैं। सभी तरह के रस चूसने वाले कीट जैसे तेला, चेपा आदि के नियंत्रण के लिए नीमास्त्र एवं दशपर्णी अर्क का प्रयोग किया जाता हैं। आत्मा परियोजना से बी टी एम गोहपारू श्री तारकेश्वर एवं कुमारी आयुषी ने कृषकों को जानकारी दी कि मिट्टी की शक्ति और उसकी स्थिति के बारे में हमें तभी जानकारी हो पाएगी, जब हम उसका समय-समय पर परीक्षण कराते रहें।

कृषि में मृदा परीक्षण या भूमि की जांच एक मृदा के किसी नमूने की रासायनिक जांच हैं जिससे भूमि में उपलब्ध पोषक तत्वों की मात्रा के बारे में जानकारी मिलती हैं। इस परीक्षण का उद्देश्य भूमि की उर्वरकता मापना तथा यह पता करना है कि उस भूमि में कौन से तत्वों की कमी है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड जिस पर निम्न जानकारी जैसे मृदा का पी.एच. मान, ई.सी., कार्बनिक पदार्थ, नत्रजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर, जिंक, लोहा, कॉपर, मैग्नीज, बोरान, अंकित कर कृषकों को उपलब्ध कराया जाता है।

## बीमारी से परेशान युवक ने लगाई फांसी जंगल में पेड़ पर लटका मिला शव




**शहडोल**। जिले के जैतपुर थाना अंतर्गत चौकी झींक बिजुरी क्षेत्र से एक दुखद घटना सामने आई है। बीमारी से लंबे समय से परेशान 21 वर्षीय युवक ने जंगल में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक शनिवार सुबह से घर से लापता था, जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। मोबाइल लोकेशन के आधार पर परिजन जब जंगल पहुंचे तो वहां उसका शव पेड़ से लटका मिला।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान इंद्र भान यादव पिता काशी राम यादव उम्र 21 वर्ष निवासी झींक बिजुरी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि इंद्रभान पिछले एक वर्ष से बीमार चल रहा था। अस्पताल में इलाज कराने के बाद भी उसे राहत नहीं मिल रही थी, जिससे वह मानसिक तनाव में रहता था। कई बार वह घर से बिना बताए निकल जाता था। इस कारण परिजनों ने उसके मोबाइल की मेल आईडी अपने फोन से लिंक कर रखी थी ताकि जरूरत पडऩे पर लोकेशन से उसे तलाश सकें।

शनिवार सुबह भी इंद्रभान घर से लापता हो गया। जब उसने फोन नहीं उठाया तो भाई ने मोबाइल लोकेशन चेक की और घर से लगभग तीन किलोमीटर दूर जंगल में उसकी तलाश की। वहां पहुंचने पर युवक का शव पेड़ पर फांसी से झूलता मिला। सूचना पर चौकी प्रभारी रामपाल वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लिया।

पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। इधर, युवक की मौत के बाद परिवार गहरे सदमे में है। परिजनों का कहना है कि वह बीमार बेटे का लगातार इलाज करा रहे थे और उसे हिम्मत भी दिलाते रहे, लेकिन उसने जल्दी हार मान ली।

# मलेरिया से बचाव के लिए घरों के आस-पास जल का जमाव न होने दें: सीएमएचओ

### वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह

**शहडोल**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश मिश्रा ने नागरिको को वर्षा ऋतु में मुख्य रूप से दूशित जल के उपयोग से होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह दी है। वर्षाकाल में दूषित जल के सेवन से टाइफाइड, पीलिया, डायरिया, पेचिस एवं हैजा जैसी बीमारियां फैलती हैं। भोजन बनाने एवं पेयजल के उपयोग में शुद्ध उबला हुआ जल का उपयोग करें। कुछ भी खाने के पहले व शौच के पश्चात साबुन से अवश्य हाथ धोयें। शुद्ध पेयजल की कमी के कारण देश में जलजनित रोगों से सबसे अधिक यानि लगभग 80 प्रतिशत मौतें होती हैं। पानी और अस्वच्छ आदतों से फैलने वाली बीमारियों में मोटे तौर पर दस्त, कृमि संक्रमण, त्वचा और आंखों के रोग, मच्छरों एवं मक्खियों से फैलने वाले रोग सम्मिलित हैं। बच्चों में दूशित पानी और खाद्य पदार्थों के कारण उल्टी-दस्त का प्रकोप अधिक गंभीर रूप धारण कर सकता है। सड़े-गले फल एवं खाद्य पदार्थो का उपयोग न करें।



उन्होंने कहा कि खुले में शौच न करें एवं शौचालय का उपयोग करें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, दस्त लग जाने पर ओ.आर.एस. एवं जिंक सल्फेट गोली का उपयोग चिकित्सक की सलाह अनुसार करें। खाने-पीने की वस्तुओं को ढंककर रखें, मक्खियों से बचाव करें। हरी सब्जी एवं फलों को साफ पानी से धोकर ही उपयोग करें। मानसून के दौरान बहुत से लोगों को आंखो के रोग हो जाते हैं। इस रोग को आई-फ्लू, कंजक्टिवाईटिस या आखें आना के रूप में जाना जाता है। इस रोग से बचाव के लिए बार-बार अपने हाथ एवं चेहरे को ठंडे पानी से धोयें, परिवार के सभी सदस्य अलग-अलग तौलिये एवं रूमाल का उपयोग करें, स्वच्छ पानी का उपयोग करें, बार-बार आंखों को हाथ न लगायें, धूप के चश्मे का प्रयोग करें, चिकित्सक को दिखायें।

बरसात में मलेरिया और डेंगू रोग भी फैलता है जिसमें मरीज को ठण्ड लगकर बुखार आता है। प्रायः खेत, तालाब, गड्ढे, खाई, घर के आसपास रखे हुए टूटे-फूटे डब्बे, पुराने टायर, पशु के पानी पीने का नाद इत्यादि में बरसात के दिनो में जल जमा हो जाता है। जिसमें मच्छर के लार्वा पैदा होते हैं जो बाद में मच्छर बनकर रोग फैलाते हैं। मलेरिया से बचाव हेतु घर के आसपास जल जमा न होने दें, रूके हुए पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ ऑईल डालें। कूलर, फूलदान, फ्रिज ट्रे आदि को सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। कीटनाशक का छिडकाव करवायें, मलेरिया रोग हो जाने पर खून की जांच अवश्य करायें एवं चिकित्सक की सलाह से पूर्ण उपचार लें।

# पर्यावरण संक्षरण के साथ मनाए गणेशोत्सव इको फ्रेंडली प्रतिमाएं बनाने दिया गया प्रशिक्षण

शहडोल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जन अभियान परिषद् द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान गणेश सिद्व अभियान चलाया जा रहा है। माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के तत्वावधान में विकासखंड जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत अमझोर में इको फ्रेंडली प्रतिमाएं स्थापित करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती मालती सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अंदर कुछ न कुछ विशेषताएं होती हैं इसलिए घरों में मिटट्री से बनने वाली कलाकृतियां बनानी चाहिए। जिससे आप अपने अंदर की कला को लोगों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति सचेत होना होगा। आगामी गणेश चतुर्थी में मिट्टी से बने गणेश की प्रतिमाए स्वयं स्थापित करे और दूसरो को मिटटी की प्रतिमाए स्थापित करने के लिए प्रेरित करें। मिट्टी पर्यावरण के अनुकूल होती है जिससे किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता है। प्रशिक्षण को सम्बोंधित करते हुए जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय ने कहा कि माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और गणेश चतुर्थी पर्व पर जन-जन को पवित्र माटी और गौमाता के गोबर से निर्मित गणेश प्रतिमाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करना है, ताकि जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनी रहे और प्राकृतिक संतुलन भी अक्षुण्ण रहे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संक्षरण के साथ गणेशोत्सव मनाए। कार्यक्रम में परामर्शदाता पवन तिवारी, क्रांति गुप्ता, शीला तिवारी सहित अन्य समाजसेवियो ने भी ने मिट्टी से बने गणेष जी की प्रतिमा स्थापित करने की अपील की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओ सहित अन्य लोगो ने मिट्टी से गणेश की प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रषिक्षण कार्यक्रम में शैलेन्द्र शर्मा, राजेंद्र पाठक, राम लखन गुप्ता, अमृत विद्या पीठ विद्यालय के संचालक जेपी द्विवेदी, सूरज कुमार त्रिपाठी, रेखा नामदेव, मुस्कान गुप्ता, नवांकुर संस्था सेक्टर क्रमांक-02 अमझोर के अध्यक्ष शिवकुमार तिवारी व अन्य लोग उपस्थिति रहें।



# मौसमी बीमारियों से ग्रसित हो रहे लोग, अस्पतालों में लग रही मरीजों की कतारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

इन दिनों मौसमी बीमारियों का प्रकोप से लोग ग्रसित हैं। उल्टी, दस्त, बुखार, टायफाइड जैसी बीमारियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। बच्चों से लेकर बड़े तक इसकी चपेट में हैं। हालांकि बच्चे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। डायरिया, टाइफाइड जैसी बीमारियों से बचाव के लिए डाक्टरों ने एहतियात बरतने की जानकारी दी है। जिला अस्पताल सहित निजी हास्पिटलों में भी मरीजों की लंबी कतारें देखने मिल रही हैं। सरकारी अस्पतालों में आलम यह है कि मरीजों को बेड सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है मजबूरीवश फर्श पर लेटकर इलाज कराना पड़ रहा है।

डाक्टरों का कहना है कि बारिश के इस मौसम में डेंगु, चिकनगुनिया के साथ-साथ पीलिया, टायफाइड, डायरिया जैसी बीमारियां बहुत ज्यादा फैलती हैं। बरसात में होने वाली मौसमी बीमारियां पर जरा सी लापरवाही आपके तथा आपके परिवार के लिए खतरा बन सकती है। बरसात के मौसम मे सेहत संबंधित सावधानियां रखना बहुत आवश्यक होता है जरा सी भी असावधानी आपको बीमार कर सकती है। बरसात के मौसम में बीमार होने का मुख्य कारण आस-पास भरा जल भराव, मच्छर व कीड़े, अशुद्ध पानी पीना, वातावरण में नमी, बार-बार भीगना, मौसम के अचानक बदलाव लोगों को बीमार कर देता है। इस मौसम में वायरल फीवर सबसे आम समस्या होती है। बरसात के मौसम में सर्र्दी, जुखाम, खांसी, हल्का बुखार तथा सिर में दर्द आदि ये सब वायरल इंफेक्शन दर्शाते हैं। बारिश के मौसम में काफी सावधानी रखने की आवश्यकता है, बीमार या संक्रमण होने पर तत्काल चिक्तिसक से सलाह लें अन्यथा यह जानलेवा हो सकता है।

### चाय नाश्ते के ठेलों से लेकर होटलों में खप रही रसोई गैस

# रसोई गैस का बेरोकटोक किया जा रहा व्यवसायिक उपयोग, जांच न कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

घरेलू उपयोग वाले रसोई गैस सिलेण्डर का फुटपाथी चाय नाश्ते के ठेलों से लेकर होटलों तक में व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। लेकिन खाद्य विभाग की टीम इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। साल भर में कभी कभार ही इस दिशा में खाद्य विभाग द्वारा रस्म अदाएगी के लिए कार्यवाही की जाती है। रसोई गैस का दुरूपयोग तो शहर में अधिकांश चाय चाश्ते के ठेलो में देखा जा सकता है। होटलों में यदि निरीक्षण किया जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है। नगर व आसपास संचालित हाथठेला से लेकर फुटपाथी व होटलो में गैस के दुरूपयोग पर जांच कार्यवाही के लिये अभियान नही चलाया जा रहा है। घरेलू गैस व्यवसायिक की अपेक्षा सस्ती होने के कारण इसका दुरूपयोग होटलो में किया जाता है। विभागीय अधिकारियों द्वारा हाथठेला चालकों सहित होटलों में घरेलू गैस के दुरूपयोग को लेकर कार्यवाही नहीं की जाती। एलपीजी गैस का दुरूपयोग रोकने प्रशासनिक स्तर पर नियमित कार्यवाही के अभाव में ज्यादातर प्रतिष्ठान संचालक ज्यादा मुनाफे के लिये नियम निर्देशो की धज्जियां उड़ा रहे है। आमतौर पर होटलो की रसोई पीछे होती है कार्यवाही की भनक लगते ही दो चार सिलेंडर बदलने में वक्त नही लगता। जबकि फुटपाथ पर अंडा, बिरयानी, चाट, चाय लगाने वाले व्यवसायी खुलेआम घरेलू गैस का ही उपयोग कर रहे है। फुटपाथियों के अलावा ऐसे अन्य होटल व्यवसाइयों की भी कमी नही है जो कारोबार से तगड़ा मुनाफा कमाने के बावजूद गैस का दुरूपयोग कर रहे है। खाद्य अमले द्वारा कभी कभार ही कायर्वाही की जाती है। नतीजन इसी ढिलाई का व्यवसायी खुलेआम फायदा उठा रहे है। इतना ही नही अनेक व्यवसायी तो असरदार होने या सैंटिग के खेल से भी व्यवसायिक की जगह घरेलू सिलेंडर खपा रहे है। इस दिशा में नियमित कार्यवाही की दरकार है ताकि घरेलू गैस के दुरूपयोग पर अकुंश लग सके। खाद्य विभाग द्वारा यदि नियमित रूप से जांच कार्यवाही की जाए तो रसोई गैस के दुरूपयोग पर काफी हद तक अंकुश लग सकता है। शासन के निर्देश एवं तय गाइडलाइन के अनुसार रसोई गैस सिलेंडरो का उपयोग घरो में भोजन पकाने के लिये है। जबकि होटलो के अलावा किसी भी व्यावसायिक कार्य के लिये नीले रंग के व्यावसायिक सिलेंडरो का उपयोग जरूरी है।

# महंगाई पर भारी पड़ी आस्था, तीज पर बाजार महिलाओं से गुलजार





स्त्री-शक्ति, श्रद्धा और अटूट प्रेम का प्रतीक हरतालिका व्रत कल

हरतालिका तीज पर इस बार बन रहे 4 शुभ योग

सजना के लिए पार्लर में सजने पहुंच रहीं सजनी

तीज में सुहागन महिलाएं कल अपने सुहाग की दीर्घायु की कामना के साथ चौबीस घंटे का व्रत रखकर शिव और पार्वती की पूजा करेंगी। कुंवारी लड़कियां भी सुंदर पति की चाह में यह व्रत रखती हैं। इससे पहले इस पर्व की तैयारी में जुटी महिलाओं की भीड़ जिले भर के बाजारों में देखी गई। शहर के बाजार पूरी तरह से सज गए हैं। इस विशेष पर्व की तैयारी के चलते बाजारों में रौनक बढ़ गई है और खरीदारी करने वालों की भीड़ बढ़ती जा रही है। बाजारों में रंग-बिरंगी चूड़ियां, ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। इसके अलावा, पारंपरिक आभूषण जैसे नथ, कंगन और पायल भी सजावट और डिजाइन के नए ट्रेंड्स के साथ उपलब्ध हैं।

हरिभूमि न्यूज

अनूपपुर। हरतालिका तीज पर्व से दो दिन पहले छुट्टी के दिन रविवार को बाजार गुलजार रहा। मंगलवार को सुहागिनें भगवान शिव और पार्वती की आराधना कर पति की लंबी उम्र की कामना करेंगी। इसके लिए शंकर-पार्वती की मूर्ति, सुहाग की पिटारी समेत सोलह श्रृंगार के सामानों की खूब बिक्री हुई। पर्व की तैयारियों के क्रम में हाथों में मेहंदी लगवाने के लिए भी महिलाओं में होड़ रही। सराफा बाजार में भी तेजी रही। महिलाओं ने बिछिया, पायल आदि की खरीदारी की। इससे सराफा बाजार में पूरे दिन भीड़ लगी रही। श्रृंगार से जुड़े इन सामानों की खरीदारी के लिए महिलाएं सुबह से ही बाजार पहुंचने लगीं।

### स्त्री-शक्ति, श्रद्धा और अटूट प्रेम का प्रतीक हरतालिका व्रत

हरतालिका तीज एक पावन और भावनात्मक पर्व है, जो भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व विशेष रूप से महिलाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। हर साल भाद्रपद शुक्ल तृतीया के दिन मनाया जाने वाला यह त्योहार इस बार 26 अगस्त को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस दिन विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं और अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। वहीं, कई कुंवारी कन्याएं भी उत्तम वर की प्राप्ति के लिए यह व्रत करती हैं। आज के समय में कई पुरुष भी अपनी पत्नियों के साथ यह व्रत रखकर इस पर्व की भावना को और मजबूत बना रहे हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर शिवजी को अपने जीवनसाथी के रूप में प्राप्त किया था। यही कारण है कि यह व्रत स्त्री-शक्ति, श्रद्धा और अटूट प्रेम का प्रतीक बन गया है।

### कल धूमधाम से मनाया जायेगा पर्व

सुहागिन महिलाओं का प्रमुख पर्व तीज कल धूमधाम से मनाया जायेगा। धार्मिक और आध्यात्मिक के साथ-साथ पौराणिक मान्यताओं के अनुसार तीज पर्व में महिलाएं नई परिधान के साथ पूजा अर्चना और उपवास करती हैं। इस परंपरा का निर्वहन महिलाएं आज भी अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार कर रही हैं। इस पर्व को लेकर जिले के बाजार महिलाओं से गुलजार नजर आ रहे हैं, हालांकि बाजार में खरीदारी करने पहुंची महिलाएं कहती हैं कि इस वर्ष तीज के सामान बाजार में काफी महंगे बिक रहे हैं, लेकिन बाजार में महंगाई पर आस्था भारी दिख रही है। हालांकि सजे तीज के बाजार में खरीददार और दुकानदार दोनों ही महंगाई का रोना रो रहे हैं, इसके बावजूद बाजारों में निकली महिलाएं जमकर पूजा पाठ की सामग्रियों की खरीदारी करती देखी गईं। महिलाएं पूजा के लिए मेहंदी, चूड़ी, बिछिया, काजल, बिंदी, कुमकुम, सिंदूर, कंघी और कपड़ों की खरीदारी कर रही हैं।

### सजना के लिए पार्लर में सजने पहुंचीं सजनी

वैसे तो महिलाओं को हमेशा से ही सजना-संवरना भाता है लेकिन मौका हरतालिका तीज का हो तो सोलह श्रृंगार खास हो जाता है। करवा चौथ की तर्ज पर विगत कुछ वर्ष से तीज के मौके पर ब्यूटी पार्लर जाकर सजने संवरने का क्रेज काफी बढ़ा है। शायद इसी वजह से पर्व के दो दिन पहले शहर के तमाम नामी ब्यूटी पार्लर पर सजने के लिए काफी संख्या में महिलाएं पहुंची, वही आज भी महिलाएं सजने पहुंचेंगी। अमूमन खास मौकों के लिए फेशियल, हेयर कट जैसी ब्यूटी सर्विस महिलाएं लेती ही हैं, लेकिन तीज के मौके पर ब्यूटी पार्लरों की ओर से भी महिलाओं को खास पैकेज दिए गए। पर्व के मौके पर मंगलवार को भी महिलाओं ने एडवांस बुकिंग करवा रखी है।

### हरतालिका तीज पर बन रहे 4 शुभ योग

हरितालिका तीज पर सर्वार्थ सिद्धि, शोभन, गजकेसरी और पंचमहापुरुष जैसे चार शुभ योग बन रहे हैं। इस व्रत का बहुत महत्व है। परंपरा के अनुसार, हरितालिका तीज का व्रत सौभाग्यवती महिलाओं के लिए अखंड सुहाग का प्रतीक माना जाता है। यह व्रत उनके पति के लंबे जीवन और वैवाहिक सुख-समृद्धि की कामना के साथ रखा जाता है। वहीं, अविवाहित कन्याएं इस व्रत को मनचाहा और योग्य वर पाने की कामना से करती हैं। माना जाता है कि इस व्रत की श्रद्धा और निष्ठा से की गई उपासना का फल जरूर मिलता है। इस वर्ष यह व्रत 26 अगस्त को रखा जाएगा और पारण 27 अगस्त को किया जाएगा। हरितालिका तीज में रंगों का भी विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं पारंपरिक श्रृंगार करती हैं और शुभ रंगों के वस्त्र धारण करती हैं। लाल रंग देवी पार्वती का प्रिय है, जो प्रेम और शक्ति का प्रतीक है। हरा रंग हरियाली और समृद्धि का संकेत देता है, जबकि गुलाबी रंग सौम्यता और आपसी समझ का प्रतीक माना जाता है, विशेष रूप से उन दंपतियों के लिए जिनके बीच कोई मतभेद हो। इसके विपरीत, काला, नीला, सफेद और क्रीम रंग वर्जित माने जाते हैं। डिस्क्लेमरः यहां दी गई जानकारी सामान्य मान्यताओं, ज्योतिष, पंचांग, धार्मिक ग्रंथों आदि पर आधारित है। यहां दी गई सूचना और तथ्यों की सटीकता, संपूर्णता के लिए हरिभूमि उत्तरदायी नहीं है।

# राजस्व न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने पारित किया आदेश

सार्वजनिक निस्तार की भूमि व कुएं पर नहीं होगा हक

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय अनूपपुर ने आम जनता बनाम द्वारिका प्रसाद सोनी के प्रकरण मे अहम फैसला सुनाते हुये मेडियारास तहसील अनूपपुर स्थित आ.ख. नं 668 के वर्तमान नक्शा मे दर्ज त्रुटिपमर्ण नक्शा तर्मीम की कार्यवाही को निरस्त का बंदोबस्ती नक्शा अनुसार राजस्व अभिलेख सुधार किये जाने का आदेश पारित किया गया। पारित आदेश के अनुसार आवेदकगण आम जनता ग्राम मेडियारास तहसील अनूपपुर द्वारा म.प्र. भू राजस्व सहित 1959 की धारा 125 के तहत आवेदक पत्र पेश कर ग्राम मेडियारास आ.ख.न.668 जिसमे सर्वे बन्दोबस्ती कुआ स्थित है उक्त आराजी खसरा से संलग्न भूमि खसरा नम्बर 669 है. जिसे अनावेदक अपनी भूमि होना कह रहा है। उक्त भूमियो के सर्वे बन्दोबस्ती नक्शा और वर्तमान नक्शा मे एकरूपता नही है। सर्वे बन्दोबस्ती नक्शा मे स्थित कूप ख.न. 668 मे है और एक मात्र कूप है मौके से वर्तमान मे भी एक कूप है लेकिन वर्तमान नक्शा मे श्रुटिवश उक्त कूप के स्थान पर दो कूप दर्शित कर उन्हे ख.न 669 मे स्थित हो गया है। उक्त त्रुटि का नाजायज लाभ लेने के उद्देश्य से अनावेदक उक्त सर्वे बन्दोबस्ती कूप मे आम जनता का उपयोग व उपभोग मेरूकावट पैदा कर अनावश्यक वाद विवाद करने लगता है। अनावेदक उक्त कूप को अपने एकाकी अधिपत्य मे कर लेने के फिराक मे है। आवेदकगण द्वारा उक्त उल्लेखित त्रुटिपूर्ण नक्शे का सुधार सर्वे बन्दोबस्ती नक्शा और मौके के वास्तविक स्थिति के अनुरूप किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर कलेक्टर से जरिये रा.पं.क 168/अ-74/2020-21 से लिखित अनुज्ञा प्राप्त कर अनावेदक को जारिये सूचना पत्र आहूत किया गया एवं तहसीलदार अनूपपुर से वस्तुस्थिति का जॉच रिपोट आहूत किया गया। प्रकरण अंतर्गत 03/04/2021 को राजस्व निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में प्रतिवेदित है कि मौके पर ग्राम मेडियारास रीवा सन 1924-25 एवं पटवारी ट्रेस नक्शा नकल जारी दिनांक 15/04/2013 मे आंशिक अन्तर प्रतीत होना प्रतिवेदित है। राजस्व निरीक्षक मण्डल केल्हौरी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन क्रमांक 177/अभि.त्रुटि जॉच प्रति रा.न 2022 अनूपपुर दिनांक 07/01/2023 को प्रस्तुत जॉच प्रतिवेदन अनुसर आ.ख.नं. 668 रकवा 0.057 है शाकीय रास्ता दर्ज अभिलेख है वादभूमि का नक्शा प्लाट वर्तमान कार्यकारिणी नक्शा मे भठा हुआ कुऑ के ऊपर शंकर मंदिर निर्माणाधीन है। इसी आरजी के अंश भाग 4 गुणा 4 मीटर से लगा हुआ एक और कुंआ मौके पर मौजूद है जो वर्तमान कार्यकारिणी नक्शा मे प्रदर्शित है। मौके पर मौजूद कुऑ सार्वजनिक प्रयोजन के लिए सुरक्षित है जिसे द्वारिका प्रसाद पिता शिव प्रसाद सोनी अपने अधिग्रहण मे लेकर अधिग्रहण मे लेकर अनाधिक्रत रूप से कब्जा किये हुए है। वंतमान कार्यकारिणी नक्शा के मुताबिक निर्मित शंकर मंदिर व मंदिर से लगा हुआ एक और कुऑ ख.नं. 669/3 मे निहित है ख.नं. 669/3 का भूमि द्वारिका प्रसाद पिता शिवप्रासाद सोनी दर्ज अभिलेख है। वादभूमि ख.नं. 668 का नक्शा प्लाट वर्तमान कार्यकारिणी नक्शा मे पुराने नक्शा के अनुसार सुधार कराये जाने की अनुयांसा की गई है। राजस्व निरीक्षक केल्होरी द्वारा पुनः प्रकरण मे प्रस्तुत प्रतिवेदन 07/10/2024 मे भी उक्त आराजी खसरा नम्बर 668 का नक्शा त्रुटिपूर्ण दर्ज अभिलेख होना प्रतिवेदित किया गया है एवं पुराने नक्यो के अनुसार सुधार किये जाने की अनुशंसा की गई है। अनावेदक द्वारा प्रस्तुत जवाब का अवलोकन किया गया अनावेदक द्वारा अवगत कराया गया कि आ ख न 668 मे सर्वे बन्दोबस्ती में कुआ स्थित है जो मुझे मेरे पूर्वजो व पिता जी से मालिकाना हक प्राप्त कर अपना भरण पोषण कर जीविको पार्जन कर रहा है। मेरे भूमि से लगा हुआ उत्तर दिशा मे संलग्न आ ख न 668 आम रास्ता है आ ख न 669 मे सर्वे बंदोबस्त मे दो कूप दर्शित है जिसमे कुआ भयानक वर्षा होने से क्षतिग्रस्त हो गया था जिसे मरम्मत कराकर आम निस्तार व अपने निस्तार हेतु उपयोग कर रहा हुॅ एक कुआ उसी से लगा हुआ पूर्व की ओर था जो बहुत पहले ध्वस्त हो जाने के कारण मेरे पिता जी ने उसी के ऊपर मंदिर निर्माण कराकर शिव मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर दिए जिसमे पूरे मोहल्ला वाले भजन पूजन करते है और किसी को कोई आपत्ति नही है। राजीव लोचन विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र निराधार है। ग्रामवासी आवेदक राजीव लोचन विश्वकर्मा द्वारा मौखिक रूप से तर्क में अवगत कराया गया कि आ'.ख.न 668 मे बना हुआ कुऑ सार्वजनिक है जो पुराने बदोबस्ती नक्शा मे भी दर्शित है राजस्व निरिक्षक द्वारा प्रस्तुत जॉच रिपोर्ट से स्पष्ट है कि अनावेदक द्वारा सार्वजनिक कुआ नाली व रास्ता पर अतिक्रमण कर लिया गया है सार्वजनिक कुआ नाली व रास्ता को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाकर सार्वजनिक हित मे बहाल किया जाय एवं सार्वजनिक कुऑ मे जगत भी बनवाया जाये ताकि आम जनता का उस पर निस्तार हो सके। मेरे द्वारा वर्तमान ट्रेस नक्शा एवं पूराने बन्दोबस्ती नक्शा का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया वर्तमान एवं पुराने नक्शे के अवलोकन से स्पष्ट है कि दोनो नक्शे मे भिन्नता है एवे वर्तमान राजस्व नक्शा को पूराने बंदोबस्ती नक्यो के आधार पर सुधार कराये जाने योगय है। जिसकी अनुशंसा राजस्व निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन मे की गई है। राजस्व निरीक्षक केल्हौरी द्वारा प्रस्तुत जॉच रिपोर्ट से भी स्पष्ट है कि आ ख न 668 सार्वजनिक रास्ता साव्रजनिक कुऑ व नाली बना हुआ है। अनावेदक द्वारिका प्रसाद सोनी आत्मज शिवप्रसाद सोनी निवासी ग्राम मेडियारास द्वारा अनाधिक्रत कब्जा कर लिया गया है जिससे आम जनता ग्राम मेडियारास प्रभावित है। 11/03/2014 को प्रस्तुत शिकायत मे ग्राम मेडियारास की जनता द्वारा तत्संबंध मे सामूहिक शिकायत भी प्रस्तुत किया गया है। अतएव उक्त आधार पर आम जनता ग्राम मेडियारास द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम मेडियारास प.ह. मेडियारास तहसील अनूपपुर स्थित आ.'ख. नं 668 का वर्तमान नक्शा मे दर्ज त्रुटिपमर्ण नक्शा तर्मीम की कार्यवाही को निरस्त का बंदोबस्ती नक्शा अनुसार राजस्व अभिलेख सुधार किये जाने का आदेश पारित किया जाता है एवं साथ ही आ.ख.न 668 जो आम निस्तार की भूमि पर उस पर अनावेदक द्वारा किये गये अनाधिकृत अतिक्रमण को हटाकर वादभूमि पर निर्मित सार्वजनिक कुऑ एवं नाली को सार्वजनिक प्रयोजना हेतु सुरक्षित किये जाने का आदेश पारित किया जाता है।

# छग के नेता प्रतिपक्ष एवं कोरबा सांसद ने किया नर्मदा पूजन-अर्चन



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता चरण दास महंत तथा कोरबा संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने रविवार को पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंचकर पतित पावनी मां नर्मदा जी के उद्गम स्थल पर दर्शन, पूजन एवं अर्चन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामनाएं मां नर्मदा से कीं। अमरकंटक प्रवास के दौरान उनके साथ मरवाही विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. के.के. ध्रुव मनोज गुप्ता, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखदेव सिंह ग्रेवाल, अशोक शर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बूंदा सिंह तथा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत एवं सांसद ज्योत्सना महंत ने स्थानीय गुरु नानक गुरुद्वारा में भी मत्था टेका तथा ग्रंथी सरदार जंग सिंह एवं विनय सिंह से भेंट कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। पत्रकारों से चर्चा के दौरान सांसद ज्योत्सना महंत ने इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार श्री रेड्डी की जीत की संभावना पर कहा कि "ऐसी संभावना प्रबल है। बिहार में हो रहे आम चुनावों में इस बार इंडिया गठबंधन 100 प्रतिशत जीत दर्ज करेगा। राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव की रैलियों में उमड़ रही भारी भीड़ इस बात का संकेत है कि जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। अमरकंटक प्रवास के दौरान स्थानीय वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महंत दंपत्ति का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पत्रकार धनंजय तिवारी, मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष श्यामलाल सेन एवं नगर परिषद पार्षद देवानंद खत्री (अग्गू) सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

भालूमाड़ा पुलिस की गिरफ्त में आये 'बुलेट राजा'

# अस्पताल परिसर के अंदर घुसकर डॉक्टर से अभद्रता कर दी थी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।

फरियादी डाक्टर विपिन कुमार यादव पिता बिरेश प्रसाद यादव उम्र 33 साल निवासी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पसान का थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराये कि 22 अगस्त को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द पसान में ड्यूटी के दौरान कुछ मरीजों का ईलाज कर रहा था तभी लगभग 02.45 बजे एक बुलेट मोटर सायकल बिना नम्बर की सफेद रंग की जिसे मनु पिता रमेश निवासी पसान का चला रहा था तथा ओम पिता चरकू व दो अन्य लडके पीछे बैठे थे। मनु के द्वारा बुलेट को लापरवाही पूर्वक चलाते हुये सीडी के बगल से बना रैम्प पर चढ़ाकर अस्पताल के अंदर ले जाकर बरामदा से होते हुये ड्यूटी डॉक्टर रूम तक बुलेट को चलाते हुये लाये और मनु पिता रमेश व ओम पिता चरकू दोनो मुझे माँ बहन की अश्लील गाली देते हुये बोले कि अभी अस्पताल क्यो बंद कर रहे हो और बुलेट से मेरे कक्ष मे अनाधिकृत रूप से क्यों घुस गये हो, तब चारो लडके मुझे माँ बहन की अश्लील गाली देते हुये बोले कि ज्यादा बोलेगा तो तुझे अभी यहाँ जान से खत्म कर देंगे। धमकी देकर मेरे साथ धक्का मुक्की करने लगे व मेरे गले में लटके




आला को खींचकर बाहर फेंक दिये।

### इन धाराओं पर दर्ज हुआ मामला

रिपोर्ट पर अपराध क्र. 371/2025 धारा अपराध क्र. 371/2025 धारा 331(3), 296, 115 (2), 351 (3), 324 (4), 132, 121 (1), 3 (5) बीएनएस एवं 3,4 चिकित्सा सेवा संरक्षण अधिनियम 2008 कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षकय अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनुविभागीय अधिकारी कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में अपराध की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय खलको के नेतृत्व में थाना भालूमाड़ा पुलिस द्वारा अपनी सूझ बूझ व अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश की गई। आरोपी कैशरुल अंसारी पिता मुमताज अहमद उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 07 जमुना, जैद खान पिता सरफराज खान उम्र 18 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 07 जमुना, हरीश तिवारी पिता रमेश प्रसाद तिवारी उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 08 पसान को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपियों को जेल भेजा गया।

### इनकी रही भूमिका

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी भालूमाडा निरीक्षक संजय खलको, उप निरीक्षक जे.पी. लकड़ा, सहायक उपनिरीक्षक चन्द्रहास बांधेकर, प्रधान आरक्षक कृपाल सिंह, आरक्षक मोहित राणा, प्रदीप यादव, धर्मेन्द्र यादव की अहम भूमिका रही। पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि माता पिता अपने अपने बच्चों का ध्यान रखें। गलत करने पर जरूर रोके टोकें समझायें क्योकि माता पिता बच्चों का प्रथम पाठशाला है। बच्चों को गलत रास्ते में ना चलने दे नहीं तो माता पिता को जीवन भर तकलीफ देंगे।

# खेमका बंधुओं ने आयोजित किया श्री रानी सती दादी का मंगल पाठ



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी अनंतराम खेमका के पुत्र परमानन्द, अशोक, विनोद खेमका द्वारा भादी अमावस के उपलक्ष्य में शनिवार 23 अगस्त को निज निवास में श्री रानी सती दादी का संगीतमयी मंगल पाठ आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर की समस्त मारवाड़ी समाज की महिलाएं उपस्थित हुईं। कार्यक्रम के दौरान श्री रानी सती दादी को छप्पन भोग प्रसाद का भोग लगाया गया। मंगलपाठ पश्चात भजन, आरती एवं प्रसाद वितरण संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि मारवाड़ी समाज की आराध्य रानी सती दादी त्याग, शक्ति और आस्था का अद्भुत प्रतीक हैं। उनके अद्वितीय त्याग और साहस के कारण उन्हें देवी के रूप में पूजा जाता है। उनके जीवन से सीखते हैं की धर्म और कर्तव्य का पालन जीवन से भी बढ़कर होता है, और यही कारण है कि आज भी लाखों भक्त उन्हें पूजते हैं और उनकी कथा सुनकर प्रेरणा लेते हैं।

# पुलिस की छापामार कार्यवाही मे 9 जुआरी धराये, 6 बाइक जब्त



**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** जिले के थाना राजेन्द्रग्राम पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 0/25 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शक्ति कुमार पांडे के कन्या परिसर राजेंद्रग्राम के आवास में कुछ व्यक्तियों द्वारा ताश के पत्तों से रुपए पैसों की हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम रवाना होकर रेड करवाई की गई। रेड कार्यवाही दौरान 9 जुआरी भारत नायक पिता हीरालाल नायक उम्र 20 वर्ष निवासी सकरा थाना अनूपपुर, शक्ति कुमार पांडे पिता शिव कुमार 58 वर्ष निवासी कन्या परिसर राजेंद्रग्राम, चंद्र कुमार जायसवाल पिता गणेश लाल उम्र 39 वर्ष निवासी धीरुटोला, कमला प्रसाद पिता राम प्रसाद जायसवाल उम्र 42 वर्ष निवासी किरगी, कुंदन सिंह पिता अमोल सिंह गोड उम्र 40 वर्ष निवासी बसनिया, रामसागर पांडे पिता शेषमणि पांडे उम्र 58 वर्ष निवासी राजेंद्रग्राम, भूपेंद्र मिश्रा पिता गोविंद प्रसाद उम्र 48 वर्ष निवासी किरगी, देवेंद्र जायसवाल पिता छोटेलाल जायसवाल उम्र 43 वर्ष निवासी राजेंद्रग्राम, शीलबंत प्रसाद तिवारी पिता एसएस तिवारी उम्र 52 वर्ष निवासी किरगी, ताश के 52 पत्ते, 20600 रुपए नगद तथा 6 मोटरसाइकिल जप्त कर कार्यवाही की गई। कुल मशरुका 70,700 रुपया जप्त किया जाकर अपराध क्रमांक 173/25 धारा 13 जुआ एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# यथास्थान में हो नवीन तहसील भवन निर्माण का कार्य - मनोज दुबे



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मनोज दुबे (पूर्व महामंत्री भा.ज.पा नगर मंडल अनूपपुर द्वारा बताया गया है कि जिला मुख्यालय में तहसील भवन के निर्माण में हो रही लेट लतीफी को लेकर नागरिकों में असंतोष फैलता जा रहा पूर्व में नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जिले के गणमान्य नागरिकों को आश्वाशन नवीन तहसील भवन निर्माण का दिया गया था जो आज दिनांक तक प्रारंभ नहीं हुआ है नगर के नागरिकों का कहना है कि निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ नहीं हुआ तो हमें जमीन पे उतरकर इसे जन आंदोलन धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल करना पड़ा तो हम करेंगे।

# एक सितंबर को संकल्प दिवस के रूप में मनायेगा शिक्षक संघ



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान 24 अगस्त को शासकीय उच्च.माध्य.विद्या.कन्या अनूपपुर में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजय निगम की अध्यक्षता में जिला इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। जिसे संकल्प दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की प्रदेश इकाई के निर्देशन में जिले के सभी विद्यालयों में 1 सितंबर 2025 को "हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान एक संकल्प दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। इस दिन प्रदेश के सभी विद्यालय में यह कार्यक्रम को आयोजित किया जाएगा। जहां सभी शिक्षक अपने पदीय दायित्वों के समुचित निर्वाहन का संकल्प लेंगे। बैठक में संभागीय संगठन मंत्री डॉ नरेंद्र पटेल, जिला सचिव शिलबंत तिवारी, जिला संगठन मंत्री मिथलेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण मौर्य, नगर इकाई के अध्यक्ष अमिता मरावी, ब्लाक जैतहरी अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, तहसील इकाई जैतहरी के अध्यक्ष केशकली राठौर, पुष्पराजगढ़ तहसील अध्यक्ष जीनाचंद संत के साथ मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के सदस्य उपस्थित रहे।